प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 22 जनवरी, 2014

-विधान सभा अध्यक्ष ने उज्जैन में महाकाल के दर्शन किये

विधान सभा के अध्यक्ष माननीय श्री गौरीशंकर अग्रवाल आज प्रात: मंदसौर, उज्जैन एवं इंदौर की यात्रा कर वापस रायपुर आयें। माननीय श्री गौरीशंकर अग्रवाल सपरिवार दिनांक 21 जनवरी, 2014 को राजकीय विमान से एक दिन के प्रवास पर मंदसौर, उज्जैन एवं इंदौर गये थे।

यात्रा के दौरान मंदसौर के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं पश्चात् 22 जनवरी को प्रात: उज्जैन में स्थित ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में भस्म आरती में सम्मिलित हुये। उज्जैन से इंदौर प्रस्थान कर इंदौर के प्रसिद्ध भगवान गणपति जी के खजराना मंदिर में दर्शन किये।

उपरोक्त दर्शन के दौरान माननीय अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने प्रदेश के चहुंमंखी विकास के लिये प्रार्थना की।